


नवभारत
भोपाल, सोमवार, 29 सितंबर, 2025


**एक नजर में**




### सीएसपी ने की समीक्षा बैठक, दिए सख्त निर्देश

**छतरपुर.** सिटी कोतवाली थाने में दर्ज लंबित अपराधों की समीक्षा को लेकर रविवार 28 सितंबर को दोपहर 2 बजे पुलिस लाइन स्थित कांफ्रेंस हॉल में विशेष बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अरुण कुमार सोनी ने की. बैठक में थाना प्रभारी और स्टाफ को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि थाने में दर्ज सभी गंभीर और लंबित अपराधों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए. सीएसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण और पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने और जांच की गति तेज करने के निर्देश भी दिए. बैठक में यह भी चर्चा हुई कि लंबित अपराधों के कारण पीड़ित पक्षों में असंतोष की स्थिति पैदा होती है, जिसे रोकने के लिए त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई आवश्यक है. सीएसपी ने थाना स्टाफ को सतर्कता बढ़ाने, टीम वर्क के साथ काम करने और तकनीकी साधनों का उपयोग कर जांच में तेजी लाने की सलाह दी. उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन अपराधों के जल्द निपटारे के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और नागरिकों की सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी.



### बच्चों को बताए कुरीतियों से बचने के उपाय

**भैरूंदा.** जिले में पुलिस द्वारा मैं हूं अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है. जिसके अंतर्गत वर्ल्ड एकेडमी स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान छात्र-छात्राओं को अभिमन्यु अभियान के बारे में जानकारी दी गई. साथ ही समाज में चल रही कुरीतियों लिंग भेद, रूढ़िवादिता, संवेदनहीनता, अशिक्षा, दहेज निषेध, नशामुक्ति आदि विषयों पर चर्चा कर बच्चों को जागरुक किया गया व बच्चों को इन कुरुतियों से बचने के उपाय बताए गए. अभियान के दौरान बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए. कार्यक्रम में उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, सचिन कालेन, प्राचार्य सुनीता सिंह भदोरिया सहित 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



### लंगर सेवा समिति कर रही पदयात्रियों की सेवा

**इछावर.** नवरात्रि में सलकनपुर पैदल दर्शन पर जाने वाले भक्तों की सेवा के लिए यूं तो कई अलग-अलग जगहों पर मंच लगाए जाते हैं. लेकिन ब्रिजिशनगर में लंगर सेवा समिति द्वारा भक्तों की सेवा 17 वर्षों से लगातार चली आ रही है. ये लंगर का 18 वां साल है. बोरदी कलां जोड़ पर ये लंगर लगाया जाता है जो कि सलकनपुर स्थित मंदिर दर्शन करने जा रहे भक्तों के लिए नि:शुल्क चाय, फलाहार, नाश्ता, भोजन, पानी और ठहरने की भी व्यवस्था करती है. लंगर सेवा समिति सदस्यों ने बताया कि लंगर की खासियत यह है कि आज तक कभी प्रसाद खत्म नहीं हुआ और न ही चाय, नाश्ता कभी खत्म होने की नौबत आई. सेवा 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहती है.



### भाजपा नेता अरोरा हुए चुनरी यात्रा में शामिल

**सीहोर.** भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा नगर में निकाली गई चुनरी यात्रा में शामिल हुए एवं यात्रा का स्वागत किया. श्री अरोरा करोली माता मंदिर से ही चुनरी यात्रा में शामिल रहे. श्री अरोरा ने कहा कि युवा नेता व नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई. चुनरी यात्रा से पूरा शहर भक्तिमय हो गया. हर तरफ मातारानी के जयकारों से शहर गूंज उठा. सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है. सनातन धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों का होना बहुत जरूरी है. इसके अलावा श्री अरोरा ने जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के जन्मदिन के अवसर पर उनके निवास पर पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी. इस दौरान अरोरा मित्रमंडल के सदस्य एवं अनेक समर्थक भी मौजूद थे.

### दिव्यांगजनों को किए सहायक उपकरण वितरित

**सीहोर.** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अनेक गतिविधियां की जा रही हैं. अभियान के अंतर्गत पीएमश्री कॉलेज में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग द्वारा जिला स्तरीय दिव्यांगता चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया. शिविर का शुभारंभ सांसद आलोक शर्मा एवं विधायक सुदेश राय ने किया. उन्होंने 22 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरित किए. सांसद श्री शर्मा एवं विधायक श्री राय ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग है. उनके जीवन को सरल बनाने केंद्र और राज्य सरकार लगातार योजनाएं चला रही हैं. जिनका उद्देश्य है कि दिव्यांगजन भी आत्मनिर्भर होकर सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें. सांसद श्री शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान का मूल उद्देश्य हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. कार्यक्रम में एसपी दीपक कुमार शुक्ला, सुरेंद्र मेवाड़ा व अनेक दिव्यांगजन उपस्थित थे.

# नौगांव रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर जांच में मिली गड़बड़ी

**छतरपुर नगर 28 सितम्बर. नौगांव रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर नापतोल में गड़बड़ी की शिकायत और वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया.**

रविवार 28 सितंबर को सहायक आपूर्ति अधिकारी और नापतोल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंप की विस्तृत जांच की. जांच के दौरान पाया गया कि पंप संचालक द्वारा स्टॉक मेंटेनेंस और आवश्यक नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था. इस पर विभागीय टीम ने पंचनामा तैयार किया और पंप संचालकों अमर अग्रोहा और संजीव अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है. सहायक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जल्द ही संचालकों को नोटिस जारी किया जाएगा. यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो मामला आगे बढ़ाते हुए कलेक्टर के माध्यम से कठोर कार्यवाही की जाएगी. इस कार्रवाई से पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मच गया है. प्रशासन ने साफ किया है कि उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी और नियम विरुद्ध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं नापतोल या ईंधन आपूर्ति में गड़बड़ी दिखे तो तत्काल सूचना दें, ताकि कार्रवाई की जा सके.

**नियम पालन न करने पर नोटिस जारी होगा**

**नापतौल में गड़बड़ी का वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई**

**स्टॉक और नियमों में खामियां मिलने पर पंचनामा तैयार**



# कांग्रेस ने विजयवर्गीय के खिलाफ किया प्रदर्शन

**छतरपुर 28 सितम्बर. जिला कांग्रेस ने भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया.**

**▸ पुतला दहन का प्रयास**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि विजयवर्गीय की टिप्पणी ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कलंकित किया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. कांग्रेस कार्यालय से कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए चौबे तिराहा होते हुए छत्रसाल चौराहे पहुंचे. यहां उन्होंने विजयवर्गीय का पुतला दहन करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने पानी डालकर पुतला बुझा दिया. इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की और झूमाझपटी की स्थिति भी बनी. जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव ने मीडिया से कहा कि यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं की सोच समाज को तोड़ने वाली है और उनकी टिप्पणी इस बात का प्रमाण है. यादव ने आगे कहा कि पुलिस भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस की कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं. कांग्रेस की मांग है कि कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए.





# चुनरी यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**बड़ामलहरा 28 सितंबर. शाक्ति की उपासना का पर्व शरदीय नवरात्रि पर्व पर विश्व कल्याण एवं क्षेत्र की खुशहाली को लेकर झिंगराज माता मंदिर झिंगरी से खटोला माता मंदिर खटोला तक महाराजगंज सरपंच जयहिन्द सिंह यादव द्वारा निकाली गई 108 मीटर की बिशाल चुनरी यात्रा मे भक्ति श्रद्धा एवं आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला.**

**▸ खटोला माता मंदिर तक निकाली गई बिशाल चुनरी यात्रा**

शारदीय नवरात्रि पर्व पर शक्ति की भक्ति का प्रतीक बिशाल चुनरी यात्रा का शुभारंभ श्रद्धालुओं की मौजूदगी में झिंगराज माता मंदिर झिंगरी से शास्त्रोक्त बिधि से पूजा अर्चना के साथ हुआ. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ चुनरी यात्रा फुटवारी, लिधोरा, सेंधपा, राजापुर, बड़ामलहरा, महराजगंज होते हुए खटोला माता मंदिर पहुंची. चुनरी यात्रा के मार्ग मे पड़ने बाले उक्त ग्रामो के लोगों ने भक्ति भाव से चुनरी यात्रा की पूजा अर्चना करने के बाद यात्रा के साथ चल पड़े. खटोला माता मंदिर पहुंची चुनरी को वेदोक्त बिधि से भक्तों द्वारा माता को समर्पित कर मां से विश्व कल्याण एवं क्षेत्र की समृद्धि की कामना की है. महाराजगंज सरपंच जयहिंद सिंह द्धारा निकाली गई चुनरी यात्रा के बीरेन्द्र असाटी, भगंवा भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि राजा, घुवारा भाजपा मंडल अध्यक्ष लखन फौजदार, सुनील मिश्रा, सूरजपुरा खुर्द सरपंच अजीत राजपूत शैलेन्द्र पाण्डे (पुजारी) गनपत यादव, मोहन लोधी आदि के साथ क्षेत्र भर का भारी जनसमुदाय ने सहभागिता का निर्वाह किया.

# ट्रेन में गाने वाले की बदली किस्मत

## धीरेंद्र शास्त्री ने दिया मंच, अब कनाडा से गाने का आया ऑफर

**छतरपुर 28 सितम्बर.** महेश्वर के नर्मदा तट पर बनी एक झोपड़ी में रहने वाले आदिवासी गायक अमित धुर्वे की जिंदगी एक फोन कॉल ने बदल दी. नवरात्रि शुरू होने से ठीक पहले रात करीब ढाई बजे उन्हें बागेश्वर धाम से फोन आया. दूसरी तरफ से स्वयं पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री थे.

उन्होंने अमित से कहा—नवरात्रि में धाम आना है और अपने भजन सुनाने हैं. अमित के लिए यह क्षण किसी सपने से कम नहीं था. बागेश्वर धाम के मंच से गाई गई उनकी गजल कुछ ही दिनों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. आज उन्हें कनाडा से लेकर टी-सीरीज जैसी बड़ी कंपनियों से गाने के ऑफर मिल चुके हैं. लेकिन अमित का यह सफर आसान नहीं रहा. 10-11 साल की उम्र में उन्होंने घर छोड़ दिया था. कटनी रेलवे स्टेशन पर उन्हें कुछ बच्चे मिले जो ट्रेन में पत्थर बजाकर गाते और मांगकर अपना पेट भरते थे.



अमित भी उन्हीं के साथ गाने लगे और धीरे-धीरे संगीत सीखते गए. दिनभर की थकान के बाद रात को वे अपनी झोपड़ी में लौटते, जहां पिता और बहन के साथ रहते थे.

### तहसीलदार ने शिक्षक बन पढ़ाया अर्थशास्त्र

**सीहोर 28 सितम्बर.** तहसीलदार अमित सिंह ने यूपीएससी एवं एमपीपीएससी नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के अभ्यर्थियों को शिक्षक बनकर अर्थशास्त्र पढ़ाया. उन्होंने साम्यवादी, पूंजीवादी और समाजवादी अर्थव्यवस्था में अंतर स्पष्ट करते हुए इनके फायदे एवं नुकसान के बारे में जानकारी दी. इसके साथ ही पूंजी और बचत में भी अंतर को स्पष्ट किया. अभ्यर्थियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्होंने औपचारिक और अनौपचारिक अर्थव्यवस्थाओं को सरल शब्दों में स्पष्ट किया. आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा द्वारा नपा की लाइब्रेरी में नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित की जा रही हैं.



### नाबालिग से कराया जा रहा सीसी रोड का काम

**चंदला.** चंदला तहसील अंतर्गत बंजारी ग्राम में नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन सीसी तोड़ डाली गई थी और मिट्टी डाल कर गढ्डे की भरपाई की गई थी. नल जल परियोजना अंतर्गत निजी कंपनी को टेंडर दिया गया है, 452 करोड़ के लगभग का टेंडर है. कंपनी द्वारा नाबालिगों से मजदूरी कराई जा रही है. कंपनी के इंजीनियर राहुल यादव ने बताया नाबालिगों से काम कराने की जानकारी आपने दी है. जांच कराकर ठेकेदार पर कार्रवाई करेंगे.

# सड़क हादसे में कारोबारी शिवम पटेरिया की मौत

**नौगांव (छतरपुर) 28 सितम्बर. शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे नौगांव थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में नगर के युवा कारोबारी और कार बाजार संचालक अनुज उर्फ शिवम पटेरिया (29 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में उनकी मां क्रांति देवी (50 वर्ष) और बहन रुचि पटेरिया (27 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गई.**

**मां-बेटी गंभीर रूप से घायल**

**शराब ठेके के सामने गहरे गड्ढे से कार हुई अनियंत्रित**

**पेड़ से टकराने पर हुआ दर्दनाक हादसा**



जानकारी के अनुसार हादसा नौगांव स्थित शराब ठेके के सामने बने गहरे गड्ढे के कारण हुआ. शिवम की तेज रफ्तार कार गड्ढे से उछलकर अनियंत्रित हो गई और पास ही खड़े पेड़ से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का इंजन 20 फीट दूर सड़क पर जा गिरा. बताया गया कि परिवार छतरपुर से नवरात्रि के मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहा था और घर से कुछ ही दूरी पर यह दर्दनाक घटना घट गई. हादसे के बाद घायलों को पहले नौगांव स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. नौगांव बीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल के अनुसार मां की स्थिति नाजुक बनी हुई है, जबकि बेटी का इलाज जारी है. नौगांव थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है.

**धार्मिक** ▸ जिले भर में नवरात्रि महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल, देवी पंडालों में उमड़ रही भीड़

# सलकनपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, सड़कों पर जाम

**नवभारत न्यूज**
**सलकनपुर 28 सितंबर.** साप्ताहिक अवकाश रविवार को देवीधाम में रिकार्ड श्रद्धालुओं ने मातारानी के दर्शन किए. भीड़ का आलम यह था कि मंदिर जाने वाले सभी रास्तों पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जाम के हालात बने हुए थे. वाहनों की कतारों के चलते लोग काफी परेशान हुए.

जिले के प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनों-दिन बढ़ती जा रही है. रोजाना हजारों श्रद्धालु मातारानी के दर्शन करने सलकनपुर पहुंच रहे हैं. रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिली. सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था. मंदिर पहुंच मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारों के कारण दिन में कई बार जाम के हालात बनते रहे. पुलिस प्रशासन द्वारा किसी तरह यातायात को सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही थी. इसी तरह मंदिर परिसर में बने पार्किंग स्थल पर भी वाहनों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त स्थानों पर वाहनों की पार्किंग की जा रही है.

रविवार को सलकनपुर मंदिर का सीढ़ी मार्ग भीड़ से खचाखच भरा था और रोपवे के सामने भी लंबी कतारें दिख रही थीं. मंदिर सूत्रों की मानें तो रविवार को लगभग दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मातारानी के दर्शनों का लाभ लिया है.

### नगर के पंडालों में सजी मां की नयनाभिराम प्रतिमाएं

**बुधनी.** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में नवरात्र पर्व के दौरान विभिन्न रूपों की आकर्षक प्रतिमाओं को भव्य रूप में सजाया गया. नगर के प्राचीन मंदिरों व पंडालों में बज रहे मां के गीतों से नगर का माहौल भक्ति मय हो गया है. बहावलपुरी समाज सिंधी कैंप की झांकी इस बार लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है. समिति द्वारा इस बार डरावनी गुफा बनाई गई है. जिसमें भूतों की आवाज और उनकी मौजूदगी लोगों को आकर्षित कर रही है. वहीं दशहरे मैदान के सामने नगर की महारानी के नाम से मशहूर मां काली की भव्य प्रतिमा विशाल पंडाल में विराजमान की गई है. यहां गुरुआ बाबा समिति सदस्यों द्वारा लगातार कई वर्षों से मां की आराधना की जा रही है. इस बार गोकुलधाम कालोनी में पहली बार मां काली की प्रतिमा आकर्षक पंडाल में विराजमान की गई है.



### 891 बालिकाओं की एनीमिया जांच

**सीहोर.** जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों एवं अन्य सभी नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं. जिले में आयोजित शिविरों में 14 हजार 010 महिलाओं, किशोरियों एवं पुरुषों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई. डॉ किरण वाडिया ने बिलकिसगंज सीएचसी एवं खारी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया. उन्होंने शिविर में दी जा रही सेवाएं देखीं. अभियान के तहत आरबीएसके की टीम द्वारा जिले के शासकीय उत्कृष्ट स्कूल, पीएमश्री शासकीय एमएलबी स्कूल सहित 11 स्कूलों में कैंप आयोजित कर 891 बालिकाओं की एनीमिया जांच व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.